की। मुस्लिम विश्वविद्यालय भी हिंदू-मुस्लिम सद्भाव के संवाहक नहीं बन सके, जबकि हिंदू-मुस्लिम विद्वानों में बेहद प्रेम है। इसी की आड़ लेकर कट्टरपंथी धर्मगुरुओं ने मुस्लिम बुद्धिजीवियों से नेतृत्व छीन लिया। कट्टरपंथी धर्मगुरु 'पैन-इस्लामिज्म' को लक्ष्य करते हैं, इसलिए उनकी तकरीरों में मुस्लिम-अस्मिता को मजबूत करने का प्रयत्न होता है, न कि मुसलमानों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का। इसी कारण तब्लीगी जमात के मौलाना साद जैसे तत्व मुसलमानों को शर्मसार करते हैं और सूफी किस्म के धर्मगुरुओं के सांप्रदायिक-सौहार्द के प्रयासों पर पानी फेरते हैं।

राजनीति में अपराधियों के बढ़ते प्रभाव और मुस्लिमों को वोट-बैंक की तरह देखने के कारण दलों ने स्थानीय स्तर पर मुस्लिमों का राजनीतिक नेतृत्व हथियाने के लिए आपराधिक किस्म के लोगों को प्रोत्साहित किया है। इस प्रकार राजनीतिक, बौद्धिक, धार्मिक और सामाजिक मुस्लिम नेतृत्व के अभाव ने न केवल मुस्लिम अस्मिता, वरन सांप्रदायिक विद्वेष और राष्ट्र-विरोध को भी बलवती किया है। काश मुस्लिम नेतृत्व की कोई ऐसी धारा फूटती जो मुसलमानों को देश की मुख्यधारा, गंगा-जमुनी संस्कृति और सांप्रदायिक सौहार्द की ओर ले जाती।

---

बिज़नेस स्टैंडर्ड

***Date:09-04-20***

# आगे आएं बहुराष्ट्रीय संस्थान

**संपादकीय**

विश्व बैंक समूह जिसमें बैंक के अलावा निजी क्षेत्र पर केंद्रित इंटरनैशनल फाइनैंस कॉर्पोरेशन (आईएफसी) और ऋण गारंटी पर केंद्रित मल्टीलैटरल इन्वेस्टमेंट गारंटी एजेंसी (एमआईजीए) शामिल हैं, ने अब नोवेल कोरोनावायरस के कारण बढ़ते स्वास्थ्य और आर्थिक संकट को हल करने की दिशा में पहल की है। शुरुआत में इसके लिए 1.9 अरब डॉलर की राशि खर्च करने की मंजूरी दी गई थी जिसे 25 देशों में खर्च किया जाना है। बहरहाल इस राशि का बड़ा हिस्सा भारत में व्यय किया जाएगा और उसे इसमें से एक अरब डॉलर की राशि मिलेगी। इस पूंजी का आगमन अच्छी बात है और यह इस बात का संकेत भी है कि बैंक अपने मूल उद्देश्य पर काम कर रहा है। जो राशि भारत में कोविड-19 से निपटने के प्रयास में व्यय की जानी है वह देश की वित्तीय तंगी को परिलक्षित नहीं करती। हालांकि वित्तीय तंगी भी कम नहीं है। सच तो यह है कि बैंक के पैसे को जन स्वास्थ्य से जुड़ी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने में खर्च किया जा सकता है। समूह ने पहले ही यह संकेत दिया है कि संकट से जूझने के क्रम में उसे अंतिम तौर पर 160 अरब डॉलर की राशि व्यय करनी पड़ सकती है। आईएफसी के बारे में जानकारी है कि वह निजी क्षेत्र की सहायता और वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बरकरार रखने के लिए 8 अरब डॉलर की पूंजी दे रहा है और एमआईजीए को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि दुनिया भर के विकासशील देशों की सरकारों की पहुंच पूंजी बाजार तक बनी रहे और उन्हें जीवन रक्षक उपकरण और दवाएं खरीदने में दिक्कत न हो।

यह अहम है कि विश्व बैंक समूह द्वारा दी जाने वाली राशि उन जगहों पर व्यय हो जहां इससे बड़ा अंतर पैदा होगा, बजाय कि उसे भारत जैसे देशों में अनुपूरक राज्य संसाधनों में व्यय करने में। उदाहरण के लिए विश्व बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुनिया भर का निजी क्षेत्र सुरक्षित महसूस करे और वेंटिलेटर तथा व्यक्तिगत संरक्षण

उपकरणों यानी पीपीई जैसी अनिवार्य वस्तुओं का उत्पादन बाधित न हो। ऐसे में बैंक को खासतौर पर यह ध्यान देना चाहिए कि उक्त राशि उन उत्पादकों को सुरक्षा मुहैया कराए जो उत्पादन की लाइन बदलकर इन वस्तुओं का उत्पादन करना चाहते हैं। पूर्व आर्थिक सलाहकार अरविंद पानगडिय़ा कह चुके हैं कि इसके लिए खरीद गारंटी या खुली खरीद की पेशकश की जा सकती है।

आखिर दूसरे विश्वयुद्ध के बाद विश्व बैंक की स्थापना यूरोप की बाजार अर्थव्यवस्था दोबारा खड़ी करने के लिए की गई थी। वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली महामारी को विश्वयुद्ध जैसा नहीं माना जा सकता है लेकिन इस दौरान उन बाजार संस्थानों की व्यापक सहायता आवश्यक है जो उत्पादन क्षमता बढ़ा सकते हैं और अर्थव्यवस्था की सेहत सुधार सकते हैं। ऐसा नहीं है कि केवल विश्व बैंक को आगे आना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को भी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय तंत्र के बचाव में आगे आना चाहिए। उसे सुनिश्चित करना चाहिए कि विभिन्न देश इस संकट में मजबूत बने रहें। यह उसकी परीक्षा की घड़ी है क्योंकि संकट 2008 के वित्तीय संकट से काफी बुरा है। आईएमएफ ने कहा है कि करीब 90 देश उससे सहायता मांग चुके हैं। संकट के दौर से निपटने के लिए उसे हरसंभव वित्तीय मदद देनी चाहिए। ध्यान देने वाली बात है कि वित्तीय संकट के कारण सरकारों और कंपनियों पर दिवालिया होने का संकट नहीं मंडराना चाहिए। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि गहरे कर्ज में डूबे देश अपने सरकारी संसाधनों को स्वास्थ्य क्षेत्र में लगाने पर मजबूत होंगे। वे समय पर भुगतान नहीं कर पाएंगे। ऐसे में व्यापक ऋण माफी पर तत्काल विचार किया जाना चाहिए।

---

***Date:09-04-20***

# कोरोनावायरस के समय में कारोबारी सामाजिक दायित्व

**कनिका दत्ता**

कारोबारी जगत भले ही मजबूरी में निष्क्रिय पड़ा हो लेकिन उसका प्रचार तंत्र उतना ही सक्रिय नजर आ रहा है जितना कि कोरोनावायरस। उसकी सक्रियता की वजह है सरकार का वह निर्णय जिसके तहत उसने कोविड-19 से जुड़े व्यय को कारोबारी सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधि के अधीन लाने की अनुमति दी है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) को दिए गए दान को सीएसआर व्यय माना जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंपनियों को एक ज्यादा बेहतर विकल्प दिया। यह था प्राइम मिनिस्टर्स असिस्टेंस ऐंड रिलीफ इन इमरजेंसी सिचुएशंस यानी पीएम-केयर्स। देशव्यापी बंदी के दौरान प्रवासी श्रमिकों को लेकर सरकार की नीति में गंभीर खामी के प्रायश्चित स्वरूप बनाए गए फंड की निंदा नहीं की जा सकती। यह ताली और थाली बजाने जैसी घटनाओं से तो बहुत बेहतर है।

प्रधानमंत्री मोदी की पहल से शुरू पीएम-केयर्स को एक अध्यादेश के जरिये प्रभावी बनाया गया। यह सन 1948 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित पीएमएनआरएफ से कई मायनों में बेहतर है। पहली बात तो यह कि ये पीएमएनआरएफ की तरह दान पर कर राहत देता है लेकिन इसमें उसकी तरह दानदाता की सकल आय के 10 फीसदी की सीमा नहीं है। दूसरा, कंपनियां जून के अंत तक इस फंड में राशि डाल सकती हैं और वित्त वर्ष 2020 के कर रिटर्न में राहत मांग सकती हैं। तीसरा, पीएम-केयर्स को दिया जाने वाला दान कंपनियों को गत वर्ष सितंबर में घोषित रियायती कम कॉर्पोरेट कर दर का लाभ लेने से नहीं रोकता। यह रियायती लाभ उन कंपनियों के लिए घोषित किया गया था जो अन्य कोई कर राहत नहीं प्राप्त करतीं।

गत वर्ष जुलाई में कंपनी अधिनियम में पुरातनपंथी बदलावों के बाद ये घोषणाएं कंपनियों को बहुत राहत प्रदान करने वाली हैं। उन बदलावों के बाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा अद्र्ध बाध्यकारी बनाए गए 'भुगतान करो या स्पष्ट करो' को राजग सरकार ने पूरी तरह अनिवार्य कर दिया था। इन संशोधनों के अधीन अनुपालन न करने वाली कंपनियों पर 50,000 रुपये से 25 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने की बात कही गई। इतना ही नहीं अधिकारियों को तीन वर्ष तक की जेल भी हो सकती है।

नियमों के मुताबिक कंपनियों को अपने पिछले तीन वर्ष के औसत लाभ का 2 फीसदी हर वर्ष विशिष्ट सीएसआर गतिविधियों पर व्यय करना होता है। 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक के टर्नओवर या 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक की शुद्ध संपत्ति या पांच करोड़ रुपये या उससे अधिक के मुनाफे वाली कंपनियों को अनुपालन के लिए तीन वर्ष का समय दिया गया है अथवा यह राशि सरकार द्वारा तय विशिष्ट फंड में चली जाएगी। वित्त मंत्री ने भले ही महात्मा गांधी के मुनाफे की सच्चाई और सामाजिक जवाबदेही का जिक्र किया हो लेकिन उक्त संशोधन प्रताडऩा के माहौल में इजाफा करने वाला है जो कारोबारियों को देश से बाहर जाने के लिए प्रेरित कर रहा है। पीएम-केयर्स ने विभिन्न कंपनियों के सीईओ की सीएसआर की समस्या के लिए रामबाण औषधि प्रदान की है। आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री की घोषणा के तत्काल बाद कंपनियों के जनसंपर्क संभालने वाली टीमों ने अपनी कंपनी की कोविड-19 कार्य योजनाओं का ब्योरा पेश करना शुरू कर दिया। इसके बाद प्रेस विज्ञप्तियों की बाढ़ आ गई। खबरें आने लगीं कि देश का कारोबारी जगत पीएम-केयर्स फंड में लाखों करोड़ों रुपये का दान कर रहा है, ठीक बॉलीवुड सितारों की तरह।

अगर पीएम-केयर्स इस राशि को समझदारीपूर्वक व्यय करता है तो यह दान बहुत अच्छा कदम है, भले ही इसकी प्रेरणा कहीं से भी आई हो। उदाहरण के लिए यदि इसका इस्तेमाल देशव्यापी स्तर पर आवश्यक कोविड-19 टेस्ट को सब्सिडी देकर सस्ता बनाने में किया जाता है तो इसे पैसे का सदुपयोग माना जाएगा। परंतु दो संदेह बरकरार हैं। पहला, यह सवाल उठा है कि जब आपदा राहत की फंडिंग के लिए 72 वर्ष पहले एक अलग फंड बनाया जा चुका था तो एक नए विशिष्ट फंड की क्या जरूरत है? इसकी एक कमजोर परिभाषा सरकार की ओर से आई है कि इस फंड का इस्तेमाल केवल कोविड-19 जैसी महामारियों से निपटने में किया जाएगा। यह भी कहा गया कि पीएमएनआरएफ की तरह यह व्यक्तिगत योगदान भी स्वीकार करता है।

यदि यह मान भी लिया जाए कि इस विशेष फंड के संभावित लाभ किसी राजनीतिक लक्ष्य पर भारी पड़ते हैं तो भी असहजता का दूसरा बिंदु शासन के इर्दगिर्द केंद्रित है। प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय राहत कोष की तरह पीएम-केयर्स भी एक सार्वजनिक चैरिटेबल ट्रस्ट है। लेकिन पीएमएनआरएफ का संचालन जहां प्रधानमंत्री कार्यालय के अफसरशाह करते हैं वहीं पीएम-केयर्स के अध्यक्ष प्रधानमंत्री हैं तथा उसके सदस्य रक्षा, गृह और वित्त मंत्री हैं। राजनीतिक लोगों द्वारा इसका प्रबंधन परेशान करने वाला है। इससे यह संकेत मिलता है कि सीएसआर और सरकार के बीच एक जटिल रिश्ता तैयार हो रहा है जिसमें निगरानी की समस्या सामने आ सकती है। यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि पीएम-केयर्स की गतिविधियां भी पीएमएनआरएफ की तरह सार्वजनिक निगरानी में रहेंगी या नहीं? यदि सरकार कोविड-19 से लड़ाई में कारोबारी जगत का सार्थक सहयोग लेने को लेकर गंभीर थी तो वह केवल पैसे से इतर उन्हें विशिष्ट गतिविधियों में शामिल कर सकती थी जहां लाभ अधिक टिकाऊ होते। उदाहरण के लिए कुछ निजी कंपनियों और सरकारी बैंकों ने अपने सीएसआर प्रशासन को राज्य सरकारों द्वारा प्रवासियों को ठिकाना देने और पृथक्करण केंद्र बनाने की गतिविधियों में शामिल किया है। इसके अलावा बीमारी के प्रसार वाले नए इलाकों में चिकित्सा उपकरण और सुविधाएं मुहैया कराना भी कॉर्पोरेट जगत के संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल होता।

Live हिन्दुस्तान.com

Date:09-04-20

# ताकि दवा निर्यात के फैसले की गलतफहमी दूर हो सके

**विवेक काटजू**

भारत सरकार द्वारा हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन (एचसीक्यू) और पैरासिटामोल के निर्यात की अनुमति देने संबंधी फैसले पर अटकलबाजी या राजनीतिकरण से विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को 'बचने' की सलाह दी। उन्होंने साफ किया कि पैरासिटामोल और हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन को निर्यात के लिए लाइसेंस प्राप्त वस्तुओं में रखा जाएगा, हालांकि इनका अपने यहां इतना स्टॉक है कि हमारी कंपनियां अपनी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरा कर सकें। प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि 'कई दवाओं के निर्यात पर अस्थाई प्रतिबंध' यह सुनिश्चित करने के लिए लगाया गया था कि उनका 'अपनी जरूरतों के लिए पर्याप्त स्टॉक हो जाए'। यह बयान आश्वस्त करने वाला है, पर यदि एचसीक्यू की मौजूदा व अनुमानित जरूरत, इसकी उपलब्धता, प्रस्तावित निर्यात, उत्पादन-क्षमता आदि के बारे में भी आंकड़ों के साथ बताया जाता, तो विदेश मंत्रालय का बयान कहीं ज्यादा भरोसा जगाता। यह खासकर इसलिए जरूरी था, क्योंकि ऐसी समझ बनी है कि भारत ने अमेरिका के दबाव में यह फैसला किया है।

सरकार के किसी फैसले को समझे बिना उसकी आलोचना से हमेशा बचना चाहिए। लेकिन सरकार के नीतिगत फैसलों को लेकर वाजिब सवाल पूछना न तो अटकलबाजी होती है और न ही सियासत, खासतौर से तब, जब ये प्रश्न सरकारी दस्तावेजों के आधार पर पूछे जाएं। सरकारी दस्तावेज बताते हैं कि 25 मार्च को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना जारी करके एचसीक्यू के निर्यात पर रोक लगा दी थी। हालांकि अधिसूचना में भारतीय दवा कंपनियों को अपने निर्यात-अनुबंध पूरा करने की अनुमति दी गई थी। 'विदेश मंत्रालय की इजाजत मिलने पर मानवीय आधार पर' भी निर्यात का प्रावधान रखा गया था। मगर एचसीक्यू के निर्यात पर डीजीएफटी ने 4 अप्रैल को दूसरी अधिसूचना जारी की, जिसमें 25 मार्च की अधिसूचना के तहत दी गई निर्यात-छूट वापस ले ली गई। इसी दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टं्रप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया, और बाद में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'मैंने आज सुबह भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से बात की... और मैंने कहा कि मैं इसकी सराहना करूंगा कि जितनी हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन मंगाने का ऑर्डर हमने दिया है, उसे वह यदि भिजवा सकें। मोदी इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।' हालांकि टंरप-मोदी बातचीत पर भारतीय विदेश मंत्रालय के बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति की इस गुजारिश का जिक्र नहीं किया गया।

दो दिनों के बाद 6 अप्रैल की पत्रकार-वार्ता में एबीसी न्यूज के ह्वाइट हाउस संवाददाता जोनाथल कार्ल ने ट्रंप से इस बाबत पूछा कि 'क्या आपको लगता हैकि चिकित्सकीय सामग्रियों का निर्यात प्रतिबंधित करने का आपने जो आदेश दिया है, उसका दूसरे देश बदला लेंगे, क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका को हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन का निर्यात रोकने का फैसला किया है?' यह सवाल ट्रंप के 3 अप्रैल के उस फैसले को लेकर था, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के निर्यात पर रोक लगा दी थी। अपने जवाब में ट्रंप ने कई बातें बताईं। जैसे, अमेरिका को एचसीक्यू-निर्यात रोकने संबंधी भारत के फैसले से वह नाखुश हैं, उन्होंने यह नहीं

सुना है कि मोदी ने निजी तौर पर यह फैसला अमेरिका के संदर्भ में लिया है, वह जानते हैं कि मोदी ने दूसरे देशों को भी निर्यात रोक दिया है, मोदी के साथ उनकी अच्छी बात हुई है, उन्हें आश्चर्य होगा, यदि भारत द्वारा अमेरिका से वर्षों से व्यापारिक लाभ उठाने के बावजूद मोदी उनके अनुरोध को स्वीकार नहीं करेंगे। इन तमाम बातों के अंत में ट्रंप ने कहा कि प्रतिकार हो सकता है। जाहिर है, इसका संकेत यह था कि अमेरिका द्वारा निर्यात-रोकने पर अन्य देश प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

6 अप्रैल को ही भारत सरकार ने 4 अप्रैल की अधिसूचना को पलटने और 25 मार्च की अधिसूचना पर कुछ हद तक लौटने का फैसला किया। लिहाजा असली मुद्दा वह आधार है, जिस पर सरकार ने अपना मत दो बार बदला। विदेश मंत्रालय को इन प्रश्नों पर स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए। इसी से उनका उद्देश्य कि यह मसला विवादित न हो, पूरा होगा।

---

***Date:09-04-20***

# आम सहमति के साथ

**संपादकीय**

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के दोनों सदनों में सभी दलों के नेताओं के साथ जो बैठक की, उसके कई आयाम हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब देश लॉकडाउन की तीन सप्ताह की अवधि में से दो सप्ताह का समय गुजार चुका है। लेकिन इस बीच कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा उस तरह से कम नहीं हो सका, जैसी इससे उम्मीद बांधी गई थी। शुरू में यह सही रास्ते पर जाता दिख रहा था, लेकिन तबलीगी जमात का मामला सामने आने के बाद स्थिति भले ही पूरी तरह हाथ से न निकली हो, मगर इससे हालात बिगडे तो हैं ही। सरकार के सामने इस समय सवाल यह है कि लॉकडाउन का क्या किया जाए? इसे ऐसे ही कुछ समय के लिए और जारी रहने दिया जाए या कुछ हद तक कम या खत्म किया जाए? आमतौर पर विशेषज्ञों की राय यही आ रही है कि इसे खत्म करने से हालात काफी बिगड़ सकते हैं। अंत में जो भी होगा, इन्हीं विशेषज्ञों की राय को ध्यान में रखकर किया जाएगा, पर कोई भी फैसला केंद्र सरकार के लिए आसान नहीं होगा। ऐसे कठिन समय में एक बड़ी जरूरत यह होती है कि बडे फैसलों में राजनीतिक आम सहमति बनाई जाए। लॉकडाउन बहुत जल्दी में लागू करना पड़ा था, तब ऐसी सहमति बनानेके लिए वक्त नहीं था। उस समय बहुत तेजी से फैसले का दबाव था, जिसकी वजह से कई ऐसी चीजें छूट गईं, जिनकी वजह से सरकार की आलोचना भी हुई। लेकिन अब जब चंद रोज का समय बाकी है, तब सरकार सबकी सलाह का ध्यान रख रही है।

कुछ छोटी-मोटी चीजों को छोड़ दें, तो इस संकट के समय विपक्षी दल भी पूरी तरह सरकार के फैसलों के साथ खडे दिखाई दिए हैं। दलगत राजनीति जिसके लिए बदनाम है, वह प्रवृत्ति इन दिनों नदारद है। घर के बाहर दीया आदि जलाने की प्रधानमंत्री की अपील पर उनकी कुछ आलोचनाएं जरूर की गई थीं, पर शायद वह बहुत बड़ी बात नहीं है। इस दौरान सरकार के किसी अहम फैसले का खुला विरोध किसी विपक्षी नेता ने नहीं किया। यही वजह है कि कुछ ही दिन पहले प्रधानमंत्री ने विपक्ष के तकरीबन सभी बड़े नेताओं को फोन करके उनके सुझाव मांगे थे। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के

सुझाव तो सार्वजनिक भी हुए हैं। मुमकिन है, बाकी नेताओं ने भी भेजे हों, पर उन्हें अभी सार्वजनिक न किया गया हो। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री शनिवार को फिर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ टेली कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करेंगे और उसके बाद ही लॉकडाउन को लेकर कोई फैसला होगा। फिलहाल हमारे लिए महत्वपूर्ण यही है कि ऐसे बड़े फैसलों के लिए चौतरफा राजनीतिक आम सहमति बनाने की कोशिश काफी सक्रिय ढंग से चल रही है।

किसी भी युद्ध की तरह ही महामारियों के लिए भी यह जरूरी होता है कि पूरा देश एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़े। सभी सियासी दल मौजूदा वक्त की नजाकत को अच्छी तरह समझ रहे हैं। भारत में जिस तरह की राजनीतिक परिपक्वता है, उसके चलते यह बहुत ज्यादा कठिन भी नहीं है। सभी दलों के एक साथ आने का अर्थ होता है, देश की पूरी राजनीतिक ऊर्जा का एक साथ इस्तेमाल। महामारी ने यह तो बता ही दिया है कि भारत के पास इसकी पूरी क्षमता है। इस युद्ध की सबसे जरूरी शर्त हमने पूरी कर दी है।

---

राष्ट्रीय सहारा

*Date:09-04-20*

# सामाजिक आपातकाल

**संपादकीय**

अब यह साफ हो गया है कि लॉक-ड़ाउन अभी समाप्त नहीं होने जा रहा है। राज्यों के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और कोरोना को नियंत्रित करने वाले प्रशासनिक तंत्र से जुड़े लोग लगातार यह राय प्रकट कर रहे थे कि अगर १४ अप्रैल को लॉक-ड़ाउन हटा लिया गया तो पिछले दिनों की सारी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। लॉक-ड़ाउन के माध्यम से जिस सोशल ड़िस्टेंसिंग को बनाकर रखा गया है और जिसमें कोरोना के प्रसार को काफी हद तक नियंत्रित किया है वह समाप्त हो जाएगी। और स्थिति के पहले से अधिक खतरनाक हो जाने की आशंका बनी रहेगी। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आमतौर पर व्यक्त की जा रही इन आशंकाओं का संज्ञान लिया और मंत्री समूह तथा सर्वदलीय बैठकों में प्रधानमंत्री ने लॉक-ड़ाउन को अभी नहीं हटाने के बारे में विभिन्न धारणाओं को अपना समर्थन दे दिया। पिछले मंगलवार को विशेष रूप से कोरोना को रोकने से संबंधित जिस केंद्रीय मंत्री समूह का गठन किया गया था उसकी बैठक हुई। इस बैठक में राजनाथ सिंह, अमित शाह, निर्मला सीतारमन आदि शामिल थे। सभी का एक स्वर से मानना था कि अगर लॉक-ड़ाउन हटा भी लिया जाए तो शॉपिंग मॉल, धार्मिक स्थल और शैक्षणिक संस्थानों को पंद्रह मई तक बंद रखा जाए। इसी तरह बीते बुधवार को प्रधानमंत्री ने विपक्ष के सांसदों के साथ वीड़ियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बातचीत की। इस बैठक में कांग्रेस, बसपा, सपा, शिवसेना, जद (यू) और एनसीपी से संबंधित सांसदों ने भाग लिया। लगभग ८० फीसद से ज्यादा सांसदों ने लॉक-ड़ाउन को आगे बढने का सुझाव दिया। इस बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह सामाजिक आपातकाल है। इसमें जहां एक ओर सतत चौकसी बनाए रखने की जरूरत है तो दूसरी ओर कुछ मामलों में कठोर फैसले लेने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने इन कठोर फैसलों के बारे में स्पष्टतः तो नहीं कहा लेकिन इसका आशय यह निकाला जा सकता है कि लॉक-ड़ाउन १४ अप्रैल के आगे भी जारी रहेगा। लेकिन इसी के साथ यह भी आवश्यक है

कि जिन्होंने कोरोना निरोधक स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अभद्रता की उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वास्तव में देश के सामने बीमारी का मुकाबला करने के साथ सामाजिक स्तर पर एक-दूसरे का साथ देने की भावना और इसके लिए संस्थागत प्रणाली कायम करने की जरूरत है।

---

***Date:09-04-20***

# स्मार्ट एन्क्लेव स्कैम है क्या?

**अभिषेक कुमार सिंह**



शेहरो को अवसरों के केंद्र के रूप में देखा जाना नया नहीं है। रोजगार, व्यावसायिक गतिविधियों, बेहतरीन इंस्ट्रक्चर आदि सुविधाओं के अलावा उन्हें सत्ता के केंद्र के रूप में भी देखा जाता है। विकसित देशों के न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो के साथ-साथ अपने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई आदि तमाम महानगर चौतरफा विकास के कारण लोगों के आकर्षण के केंद्र रहे हैं। हालांकि इक्कीसवीं सदी आते-आते कानपुर, लुधियाना, अहमदाबाद जैसे शहर भी उन सारी कसौटियों पर कसे जाने लगे, जिन कसौटियों पर पहले चुनिंदा शहर ही गिनाए जाते रहे हैं। इस नजरिए को तब और विस्तार मिला, जब २०१५ से हमारे देश में सरकार ने स्मार्ट सिटी परियोजना की जोरशोर से शुरु आत की। दावा किया गया कि इस परियोजना में आने वाले देश के सौ शहर जल्द ही तरक्की के हर मामले में महानगरों का मुकाबला कर रहे होंगे। ॥ २०१५ में स्मार्ट मिशन के तहत सौ शहरों को स्मार्ट बनाने का वादा इस इरादे से किया गया था कि इस अवधि में कुछ पुराने शहरों की हालत सुधारी जाएगी। वहीं कई नये शहरों को उन सारी सुविधाओं से लैस किया जाएगा जिनके लिए आबादी का पलायन दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों की ओर होता है। इस परियोजना का एक उद्देश्य बड़े शहरों पर दबाव कम करना भी बताया गया। लेकिन कोरोना वायरस के मौजूदा परिप्रेय को देखें तो पता चलता है कि गिने-चुने शहरों में बसने और रोजगार पाने की लालसा ने उन शहरों का इंस्ट्रक्चर तो बिगाड़ा ही है, आपदाओं की दशा में उन शहरों से मूल स्थानों की ओर भाग खड़े होने की भयानक प्रवृत्ति ने भी हाल के एक-दो दशकों ने जोर पकड़ा है॥। विडंबना है कि जिन शहरों की प्रशंसा रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ विकास के कई दूसरे प्रतिमानों के लिए की जाती है, महामारी या अन्य मुश्किलों (जैसे कोई अफवाह फैलना) के वक्त में वहां आकर काम करने या बसने वाली भारी आबादी उनके इंस्ट्रक्चर पर जरा भी भरोसा नहीं करती। लोगों को गांव-देहात वाले अपने मूल स्थानों को लौटना श्रेयस्कर लगता है। अहम सवाल है कि क्या वजहें रहीं कि स्मार्ट सिटी मिशन पांच साल में ही पटरी से उतरता नजर आ रहा है। सवाल का जवाब मिलता है कि स्मार्ट सिटी परियोजना सरकार के लिए प्रचार का जरिया भर है। विपक्षी पाटयां अक्सर यह आरोप मोदी सरकार पर लगाती हैं। यह भी कहा जाता है कि स्मार्ट सिटी की कोई तय

परिभाषा नहीं है। इसलिए इंदौर आदि शहरों के अपवाद को छोड़कर ज्यादातर राज्य सरकारों और नगर प्रशासनों ने इसकी मद में मिले पैसों का या तो मनमाना इस्तेमाल कर डाला या फिर उस फंड़ को खर्च ही नहीं किया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इस मिशन के तहत दिसम्बर, २०१८ तक पांच हजार से ज्यादा योजनाओं के क्रियान्वयन को मंज़ूरी दी थी। इसके बाद जनवरी, २०१९ में कहा गया कि इस मिशन के अंतर्गत ३९ फीसदी योजनाएं या तो जारी हैं, या पूरी हो चुकी हैं। लेकिन आंकड़ों में साबित हुआ कि राज्य सरकारों ने इस मिशन के लिए आवंटित फंड़ के बहुत कम हिस्से का ही उपयोग किया। २०१५-२०१९ के बीच इस मिशन के लिए सरकार ने १६६ अरब रु पये का बजट आवंटित किया था, लेकिन जनवरी, २०१९ में खुद सरकार ने मान लिया कि इसमें से सिर्फ साढ़े ३५ अरब रु पये ही खर्च किए जा सके। हालांकि इस खर्च को भी संदिग्ध माना जा रहा। ॥ आरोप लगाया जाता है कि जितना धन खर्च हुआ है, उसमें से ८० फीसदी तो शहरों के कुछ खास हिस्सों (जहां प्रतिष्ठित और संभ्रात तबका निवास करता है) की मरम्मत में ही खर्च कर दिया गया, जबकि उसे पूरे शहर के विकास में लगाया जाना था। इसी से साफ हो जाता है कि शहरों में आकर बसने वाले आम नागरिकों के मन में अपने मूल स्थानों से लगाव और इन शहरों से दुराव की असली वजहें क्या हैं। एनजीओ-हाउसिंग एंड लैंड़ राइट्स नेटवर्क का आरोप बेवजह नहीं है कि यह परियोजना स्मार्ट एन्क्लेव स्कैम है। हालांकि सरकार इन आरोपों से इनकार करती है॥। संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि अक्टूबर, २०१७ के मुकाबले २०१९ में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पूरी होने वाली योजनाओं में करीब पांच सौ फीसदी (४७९ प्रतिशत) का इजाफा हुआ है। शहरी मामलों के राज्य मंत्री हरदीप पुरी कहते हैं कि अगर दिसम्बर, २०१९ तक सौ में से ५० योजनाओं पर अमल हो चुका है तो यह स्मार्ट सिटी मिशन और सरकार, दोनों की कामयाबी है। लेकिन सरकार इस सच्चाई से तो मुंह नहीं फेर सकती कि फंड़ के समुचित इस्तेमाल न होने, सुसंगत योजना के अभाव और क्रियान्वयन में अनगिनत खामियों के कारण इस मिशन की डेडलाइन खिसका कर २०२३ तक ले जानी पड़ी है।

---

जनसत्ता

**Date:09-04-20**

# खाद्य सुरक्षा का चक्र

**वीरेंद्र कुमार**



पैन्यूली विश्व खाद्य सम्मेलन-1995 में संकल्प लिया गया था कि 2015 तक विश्व के आधे भूखों को भूख की मार से मुक्ति दिला दी जाएगी। इसके बाद 2000 में भी सारे देशों के बीच सहमति बनी थी कि दुनिया में हर किसी को पर्याप्त भोजन और पोषण उपलब्ध होगा। इससे गरीब भी अभावों के दंश से मुक्त होकर उच्च गुणवत्ता वाला जीवन जी सकेंगे। इसी दिशा में सहस्राब्दि विकास लक्ष्य और संशोधित टिकाऊ विकास लक्ष्य में भी 2030 तक शून्य भुखमरी, खाद्य सुरक्षा तथा पोषण के लक्ष्यों तक पहुंच की बात की गई। हालांकि हकीकत यह है कि आज भी वैश्विक स्तर पर पर्याप्त

खाद्य सामग्री उपलब्ध होने के बावजूद करीब 8210 लाख लोग हर रात भूखे सोने को मजबूर होते हैं। ऐसी स्थितियां गरीब देशों में ही नहीं, अमेरिका जैसे अमीर देशों में भी हैं। आज ऐसे अरबों लोग विश्व में हैं, जिनकी दैनिक आय सौ रुपए से भी कम है। भारत में ही करीब पैंतीस से चालीस करोड़ लोगों को खाना जुटाने का संकट रहता है। खाद्य सुरक्षा पर सक्रिय रही पिछली यूपीए सरकार का तब अनुमान था कि देश में खाद्य असुरक्षा के संकट में फंसे लोगों की संख्या सत्तर करोड़ से ज्यादा है। गरीबी के साथ ही खाद्य असुरक्षा और कुपोषण के संकट में पड़े लोगों की संख्या प्राकृतिक या मानवजनित आपदाओं के साथ वृहद स्तर पर आर्थिक मंदी आने के साथ और बढ़ जाती है। 2009 की आर्थिक मंदी में ही वैश्विक स्तर पर लगभग दस करोड़ नए लोग भूखों की तादाद में जुड़े थे। आपदाओं में स्वास्थ्य आपदाएं गरीबों और कुपोषितों के लिए काफी मारक होती हैं। ये स्थानीय महामारी या वैश्विक महामारी जनित होती हैं। यों तो हर प्रकार की आपदा में कुपोषित लोगों की सदा संक्रमण की चपेट में आने की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, पर अन्य प्रकार की आपदाओं से भी ज्यादा महामारी जनित आपदाओं में यह सतर्कता आवश्यक हो जाती है कि कुपोषण या भुखमरी की पुरानी समस्याओं के साथ-साथ कुपोषण और भुखमरी के नए मामले न बढ़ जाएं। आशंका इसलिए भी रहती है कि आपदाओं के दौरान काम न कर सकने या काम न मिल सकने के कारण पारिवारिक और व्यक्तिगत गरीबी में भी वृद्धि हो जाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी पर भी विचार करना सामयिक होगा। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस का कहना है कि संयुक्त राष्ट्र के पचहत्तर साल के इतिहास में पहले ऐसा कोई वैश्विक स्वास्थ्य संकट नहीं आया, जिसने इस स्तर तक मानव जीवन की मुश्किलें और वैश्विक आर्थिकी को चोट पहुंचाया हो। उन्होंने कहा कि हमें उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करना है, जो खासकर बहुत कम मजदूरी पाते और अनौपचारिक आर्थिकी के क्षेत्र में काम करते हैं। चूंकि इस विषाणु को हराने, सीमित करने या तीसरे चरण तक पहुंचने से रोकने के लिए प्रभावित शृंखला को तोड़ना, सामाजिक दूरी बनाए रखना या स्वयं को घरों में कैद कर देना एक प्रभावी उपाय के तौर पर अपनाया जा रहा है, इसलिए भी खासकर अनौपचारिक व्यवसायों में काम करने वालों और दिहाड़ी मजदूरों की व्यक्तिगत तथा पारिवारिक आय पर भारी असर पड़ा है। लगभग पूरे विश्व में बंदी के कारण भुखमरी और गरीबी में जीने वालों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। दुनिया भर में करीब ढाई करोड़ नौकरियां कोरोना से खत्म हो गई हैं। यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। भारत में ही करीब पचास प्रतिशत कंपनियां महामारी जनित वातावरण से प्रभावित हुई हैं। करोड़ों लोगों की नौकरियां प्रभावित हुई हैं। करीब अस्सी प्रतिशत कंपनियों में नगदी प्रवाह में कमी आई है। इससे औपचारिक क्षेत्र में भी काम करने वालों के पास पैसे की कमी हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था के अनुसार साल के अंत तक करीब करीब 3.4 खरब डॉलर की श्रमिक आय खत्म हो सकती है। और ज्यादा लोग न बेकार हो जाएं, इसलिए धनी देश भी अपने-अपने यहां की कंपनियों से अनुरोध कर रहे हैं कि वे अपने कामगारों को नौकरियों से न निकालें। वे उनके करों, कर्जों आदि में रियायत देने के साथ-साथ उनसे यह भी कह रही हैं कि उनके कामगारों को दिए जाने वाले वेतन का एक बड़ा हिस्सा सरकार देने को तैयार है। समाचारों के अनुसार स्वीडन ने 90, डेनमार्क ने 75, इग्लैंड ने 89 प्रतिशत तक वेतन भार वहन करने की कंपनियों से पेशकश की है। भारत सरकर ने भी कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे अपने कर्मचारियों को न हटाएं और न उनका वेतन काटें। विभिन्न राज्य लाखों दिहाड़ी श्रमिकों को सस्ता राशन देने और सीधे खाते में पैसा पहुंचाने की घोषणा कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य के पंजीकृत पंद्रह लाख दिहाड़ी मजदूरों और बीस लाख सैंतीस हजार निर्माण श्रमिकों को उनकी दैनिक जरूरतों के लिए एक हजार रुपए प्रति माह देंगे। राज्यों द्वारा घोषित ऐसी सहायताओं से श्रमिकों का गुजारा नहीं होता है। इसलिए लोग अपने मूल निवास स्थानों को लौटने को बेचैन रहते हैं, भगदड़ भी मचाते हैं। इनसे गांव तक संक्रमण पहुंचने का खतरा हो सकता है। जैसा इस समय हो रहा है, जब दुकानों, परिवहन आदि के बंद होने का सचजगह-जगह दिखने लगता है, तो सबसे बड़ी चिंता पारिवारिक स्तर पर यह हो जाती है कि घर में खाने-पीने का इतना सामान रख लिया जाए कि अगर बाजार बंद मिले या दुकानों में

सामान न मिले तो भी घर में खाने के लिए कुछ तो हो। ऐसी हालत कितनी लंबी चलेगी, इस पर भी संशय रहता है। ऐसे में कुछ संपन्न लोग हड़बड़ी में खरीदारी करने की होड़ में लग जाते हैं, तो पहले से ही हाशिए पर पड़े समूह रोजगार न होने या छिनने के कारण आवश्यक भोजन भी जुटाने में असमर्थ होने लगते हैं। सामान की किल्लत के डर से जब भीड़ उमड़ती है, तो सोशल डिस्टेसिंग की सलाह भी अनसुनी कर दी जाती है। भीड़भाड़ से खुद को संक्रमित होने से बचाने के लिए जब कुछ दुकानदार खुद ही दुकान बंद करने लगते हैं, तब सामान नहीं मिलेगा, दुकानें बंद हो जाएंगी जैसी अफवाहों को और हवा मिलने लगती है। अब तो देश में पूर्णबंदी है। कई बार सीमाएं भी परिवहन के लिए सील कर दी जाती हैं। परिवहन और मानव संसाधन की कमी के चलते आपूर्ति शृंखला प्रभावित होती है। ऐसे में दिक्कतें आने लगती हैं। ऐसे समय कई दुकानदार नकली और मिलावटी सामान बेचने से भी बाज नहीं आते हैं। यह दूसरी बीमारियों की संभावनाएं बढ़ा देता है। खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में आपूर्ति का मतलब भरासेमंद, अबाध आपूर्ति होता है। बनी हुई आपूर्ति के बावजूद खाद्यान्न तक पहुंच की व्यवस्था करना भी अपरिहार्य होता है। पहुंच का संदर्भ आर्थिक और सामाजिक भी होता है। अन्यथा खाद्यान्न उत्पादन ग्रामीण क्षेत्रों में होने पर भी गांवों में खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की समस्या क्यों होती या परिवारों में महिलाओं द्वारा भोजन बनाने पर भी खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की समस्या उनके साथ अपेक्षाकृत ज्यादा क्यों बनी रहती। वैसे भी हर आपदा प्रबंधन की रणनीति में चेतावनी के साथ आपदा झेलने के लिए की गई तैयारियों का भी महत्त्व होता है। यह भी निर्विवाद है कि आपदाएं कोई भी हों, अशक्त, कुपोषित लोग जल्दी और ज्यादा प्रभावित होते हैं। इसलिए कोरोना जैसी दुर्भाग्यपूर्ण आकस्मिक आपदाओं की तैयारियों के क्रम में कुपोषण और भुखमरी से लड़ाई निरंतर सामान्य स्थितियों में भी जारी रहनी चाहिए। यह विश्व खाद्य संगठन की प्राथमिकता में भी है।